# कोलार का रावण 105 फीट और बिट्टन में 54 फीट का

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी में शनिवार को विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर में 25 से ज्यादा स्थानों पर बड़े आयोजनों में रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होगा। इन सभी स्थानों पर रंगारंग आतिशबाजी व कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।**

सबसे बड़ा 105 फीट का रावण का पुतला कोलार में देखने को मिलेगा, जबकि बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में रावण के पुतले का कद 54 फीट और मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों की ऊंचाई 53-53 फीट रहेगी। यहां इस साल समिति की परंपरानुसार पुतलों का कद एक-एक फीट घटाया गया है। पुराने शहर के छोला दशहरा मैदान में दशहरा उत्सव को करीब 78 साल हो चुके हैं। पहले यह हिंदू त्योहार समिति मनाती थी, अब वर्ष 1960 से हिंदू उत्सव समिति के हाथ में है। यहां 51 फीट ऊंचा रावण जलेगा और आतिशबाजी होगी। इसके पहले शहर का सबसे बड़ा दशहरा चल समारोह समिति मारवाड़ी रोड से निकालेगी, जो छोला मैदान पहुंचेगा। शहर में इन 22 में से 10 स्थानों पर दशहरा उत्सव भव्य पैमाने पर मनाया जाएगा।

कोलार हिंदू उत्सव समिति द्वारा 105 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। उत्सव का यह 22 वां वर्ष है। समिति के सचिव रवींद्र यती ने बताया कि यहां जयपुर व राघौगढ़ की आतिशबाजी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। राम मंदिर दशहरा उत्सव समिति द्वारा जंबूरी मैदान आनंद नगर में 55 फीट ऊंचे रावण व 45 फीट ऊंचे मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। मुंबई के कलाकार डिजिटल आतिशबाजी का प्रदर्शन करेंगे। यह 35वां दशहरा उत्सव है। अरेरा राजधानी उत्सव समिति के तत्वावधान में 54 फीट ऊंचे रावण व 53 फीट ऊंचे मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होगा। जयपुर की आतिशबाजी चलेगी। अध्यक्ष राजेश व्यास ने बताया कि उत्सव का यह 46 वां वर्ष है। शाहपुरा दशहरा उत्सव सांस्कृतिक कल्याण समिति द्वारा इस वर्ष 51 फीट ऊंचे रावण व कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। अध्यक्ष भरत पाल ने बताया कि उत्सव का यह 36वां साल है। उत्सव रात 8 बजे शुरू होगा। टीटी नगर में नागरिक कल्याण समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण व 45 फीट के मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होगा। समन्वयक अजय श्रीवास्तव नीलू व स्वागताध्यक्ष सोनू भाभा ने बताया कि साहित्यकारों का सम्मान होगा। उत्सव का 65 वां वर्ष है। छोला दशहरा मैदान पर 51 फीट ऊंचे रावण व 45 फीट ऊंचे कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। समिति अध्यक्ष संतोष साहू ने बताया कि बांके बिहारी मंदिर से दोपहर एक बजे चल समारोह निकलेगा।

राम-रावण युद्ध का मंचन भी होगा। जनश्री लोक कल्याण समिति द्वारा कलियासोत दशहरा मैदान पर 51 फीट ऊंचे रावण व 45 फीट के मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होगा। अध्यक्ष रामदयाल प्रजापति ने बताया कि समारोह शाम 6 बजे शुरू होगा। समिति का यह 13वां वर्ष है। भेल दशहरा मैदान में दशहरा उत्सव समिति द्वारा अपने 51 वें वर्ष में 51 फीट ऊंचे रावण के साथ ही मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले जलाए जाएंगे। भोपाल व ग्वालियर के आतिशबाजों के बीच प्रतियोगिता होगी। समिति के अध्यक्ष भेल के महाप्रबंधक अविनाश चंद्र हैं। एमवीएम मैदान जहांगीराबाद में 45 फीट ऊंचे रावण का दहन होगा और रंगारंग आतिशबाजी के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। अध्यक्ष केके चौरसिया ने बताया कि उत्सव शाम 7 बजे से होगा। समारोह का यह 16 वां वर्ष है। संत नगर में नवयुवक सभा द्वारा 45 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष विष्णु गेहानी ने बताया कि रंगारंग आतिशबाजी व सम्मान समारोह भी होगा। उत्सव शाम 6.30 पर शुरू होगा। उत्सव का यह 65वां साल है।



दशहरा पर आज राजधानी में 25 से ज्यादा स्थानों पर होगा रावण दहन





राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शुक्रवार को मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। वहीं केन्द्रीय सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय संजय जाजू भी राज्यपाल से मिले।

### गुजरात लॉ यूनिवर्सिटी के...

## छात्र की होटल की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

**भोपाल( काप्र )।** राजधानी भोपाल में आयोजित एक स्पोर्टस इंवेट में शामिल होने के लिये आये नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी गुजरात के छात्र की होटल की चौथी मंजिल से गिरकर सदिंग्ध हालत में मौत हो गई। बताया गया है कि छात्र होटल की चौथी मंजिल की खिड़की से नीचे गिर गया । हालांकि उसे उपचार के लिये हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भोपाल में केरवा इलाके में स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया किया जा रहा है। इस इंवेट में शामिल होने के लिए गुजरात की लॉ यूनिवर्सिटी के छात्रों का ग्रुप भी आया हुआ है। इनमें गुजरात के पाली जिले का रहने वाला तुषार मालवीय पुत्र किशन मालवीय (20) शामिल था। गुजरात में ही लॉ की पढ़ाई कर रहा तुषार फिलहाल हॉस्टल में ही रहता था। कॉलेज की और से इंवेट में शामिल होने भोपाल आया छात्र अपने दोस्तो के साथ कस्तूरबा नगर स्थित ओएसिस ब्लू होटल में ठहरा था। साथी छात्रो ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह अन्य छात्रो के साथ इंवेट से वापस लौटा कर होटल के कमरे में आ गया, उस सयम कमरे में उसके दोस्त भी मौजूद थे। अचानक ही उसने चौथी मंजिल पर बने होटल के कमरे की खिड़की खोली और नीचे कूद गया, इस खिड़की में ग्रिल नहीं लगी थी। फौरन ही उसके साथी उसे होटल स्टॉफ की मदद से इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे शुरुआती चेकअप के बाद ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मर्ग कायम शव को पीएम के लिये मर्चूरी में रखवा दिया।

## संघ प्रचारकों का ग्वालियर में होगा प्रशिक्षण वर्ग

**भोपाल ( काप्र )।** मध्य प्रदेश के संघ सदस्यों के लिए इस बार दीपावली पर्व कुछ खास रहेगा। दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी सम-वैचारिक संगठनों के संगठन मंत्री और अन्य पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रचारकों का चार दिवसीय अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग इस बार ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। 1 से 4 नवंबर तक यह वर्ग चलेगा। इसके लिए 30 अक्टूबर को सभी प्रचारक ग्वालियर के केदारधाम सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्र होंगे। इसमें संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत और अखिल भारतीय टोली के सभी प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। इस कैंप में संघ के 3 दर्जन से अधिक अनुषांगिक संगठनों के नगर प्रचारक से लेकर अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। जनवरी 2025 से शुरू होने वाले संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा इसी कैंप के दौरान बनाई जाएगी। संघ की स्थापना के अगले वर्ष 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। यही वजह है कि संघ इस वर्ग में अपने सम-वैचारिक संगठनों में भेजे गए प्रचारकों के प्रशिक्षण के पाठ्यम में भी बदलाव करने जा रहा है।

## मुख्यमंत्री निवेश को लेकर हैदराबाद में करेंगे रोड-शो

### फार्मा, आईटी, वीएफएक्स, लाइफ साइंसेज और टूरिज्म सेक्टर में निवेश पर रहेगा विशेष फोकस

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 और 16 अक्टूबर को तेलांगना की राजधानी हैदराबाद में रोड-शो के दौरान इंटरैक्टिव सेशन ऑन इनवेस्टमेंट अपोर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश में कई प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों से रू-ब-रू होंगे।**

इसमें मुख्य रूप से फार्मा, वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स), लाइफ साइंसेज, आईटी एवं आईटीईएस और टूरिज्म जैसे महत्वपूर्ण सेक्टरों में निवेश पर फोकस रहेगा। हैदराबाद के प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों की जानकारी दी जायेगी। डॉ. यादव उद्योग प्रतिनिधियों से वन-टू-वन मीटिंग, राउंड टेबल मीटिंग, लीडरशिप लंच एवं डिनर पर भी प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा करेंगे। साथ ही हाईटेक सिटी, अमेजॉन फेसेलिटी और टी-हब का निरीक्षण भी करेंगे। हैदराबाद को भारत की फार्मा कैपिटल के रूप में जाना जाता है। यहां स्थित फार्मास्युटिकल उद्योगों का वैश्विक दवा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान है। तेलंगाना में स्थित फार्मा उद्योग 40 प्रतिशत से अधिक भारत की दवाओं का उत्पादन करता है, जो न केवल घरेलू बाजार बल्कि अंतर्राष्ट्रीय निर्यात के लिए भी महत्वपूर्ण है। हैदराबाद के जीनोम वैली में बायोटेक्नोलॉजी और फार्मा की कई बड़ी कंपनियाँ हैं। इसमें डॉ. रेड्डीज, अरबिंदो फार्मा, और बायोकॉन जैसे दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। हैदराबाद का वीएफएक्स और एनीमेशन सेक्टर भी देश में तेजी से उभर रहा है। यहां स्थित प्रमुख स्टूडियोज़ और कंपनियाँ न केवल भारत बल्कि वैश्विक सिनेमा और मनोरंजन उद्योग में भी अपनी सेवाएँ दे रही हैं। बाहुबली जैसी बड़ी फिल्मों में वीएफएक्स का योगदान प्रमुख रूप से हैदराबाद की वीएफएक्स कंपनियों द्वारा दिया गया। इसके अलावा, यहां के स्टूडियो गेमिंग, एनीमेशन और एडवरटाइजिंग में भी अपनी सेवाएँ देते हैं। इंटरैक्टिव सेशन में वीएफएक्स कंपनियों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश में संभावित साझेदारियों पर चर्चा करेंगे, जिससे राज्य में इस क्षेत्र को विकसित करने के नए अवसर मिल सकें। हैदराबाद का लाइफ साइंसेज सेक्टर भी विश्वस्तरीय है, जिसमें जीनोम अनुसंधान, बायोफार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरण निर्माण जैसी प्रमुख गतिविधियाँ शामिल हैं। यह क्षेत्र न केवल अनुसंधान और विकास का केंद्र है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा और दवा उत्पादन में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। हैदराबाद की लाइफ साइंसेज कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ संभावित साझेदारी और अनुसंधान के नए अवसरों एवं उसमें निवेश को लेकर चर्चा होगी। हैदराबाद का पर्यटन क्षेत्र अपने ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक संपदाओं और आधुनिक पर्यटन स्थलों के कारण बहुत ही विकसित है। इस इंटरैक्टिव सेशन में, पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश के पर्यटन विभाग के साथ मिलकर दोनों राज्यों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निवेश पर चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, पुरातात्विक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए पर्यटन उद्योग में सहयोग के असीम अवसर हैं। इंटरैक्टिव सेशन में हैदराबाद के उद्योग प्रतिनिधियों और मध्यप्रदेश सरकार के बीच महत्वपूर्ण संवाद होगा। इससे फार्मा, वीएफएक्स, लाइफ साइंसेज, आईटी एवं आईटीईएस और टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के नए रास्ते खुलेंगे, जो दोनों राज्यों के आर्थिक विकास और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी रीवा एयरपोर्ट का करेंगे वर्चुअली लोकार्पण



**भोपाल( काप्र )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अक्टूबर को रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। रीवा में लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केंद्रीय मंत्री तथा प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी उपस्थित रहेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने लोकार्पण कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम के लिए बनाए जाने वाले स्थल में मंचीय व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**उप मुख्यमंत्री ने लोकार्पण समारोह आयोजन की तैयारियों की समीक्षा**

## एंबेसडर कार में सीहोर से अशोकनगर जा रहा 1.5 क्विंटल संदिग्ध पनीर जप्त

**भोपाल( काप्र )।** प्रदेश में त्यौहारी सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली सामान बेचने वालों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह राजधानी भोपाल की कोहेफिजा थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में पनीर पकड़ा है। करीब 1.5 क्विंटल पनीर सीहोर से अशोकनगर भेजने के लिये एंबेसडर कार में भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस कंट्रोल रुम से सूचना मिलने पर नादरा बस स्टैंड से आ रही एंबेसडर कार नंबर एमपी 17 बी 4302 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरन वाहन के ऊपर और पिछली डिग्गी में बड़ी मात्रा में पनीर रखा पाया गया पुलिस ने इसकी सूचना फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को दे दी है। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि पनीर असली या नकली। खाद्य विभाग की टीम पनीर की जांच करेगी जिसके लिये सैंपल लिये गये है। सीहोर से अमजद के द्वारा पनीर अशोकनगर के लिये भेजा गया था। विभागीय अधिकारियो ने बताया कि मौके पर अन्य किसी के उपस्थित नही होने के कारण वाहन चालक याकूब शाह से पनीर के नमूने लिये गये है। यह पनीर सीहोर के अमजद द्वारा अशोक नगर के लिये भेजा गया था। फिलहाल पुलिस वाहन चालक के साथ ही एक अन्य व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि खाद्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### फिल्म निर्माण की सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर...

## बढ़ावा देने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगेः संजय जाजू

भोपाल(काप्र)।

**केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने आज कहा कि मध्य प्रदेश में फिल्म निर्माण की सुविधा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के साथ संयुक्त रूप से प्रयास किए जाएंगे।**

आज भोपाल में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक और पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला के साथ एक बैठक में इस बारे में उन्होंने विचार विमर्श किया। श्री जाजू ने कहा कि मप्र में फिल्म निर्माताओं को इंसेंटिव और सुविधाएं दिए जाने के मामले में पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। फिल्म बनानेवालों को मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा जो सुविधाएं और लाभ दिए गए हैं उनको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के इंडिया सिने हब पोर्टल से जोड़ा जाएगा। श्री जाजू ने कहा कि इंडिया सिने हब पोर्टल के साथ राज्य सरकार के पोर्टल को जोड़ा जाएगा। साथ ही यह प्रयास भी होगा कि हमारे पोर्टल पर जो फिल्में फैसिलिटेट होती हैं उनको राज्यों के इंसेंटिव का भी लाभ मिल सके और यहां पर ज्यादा से ज्यादा फिल्म बन सकें। उन्होंने कहा कि सिनेमा हॉल की संख्या लगातार कम होती जा रही है, यह चिंतनीय है।



वर्तमान में मध्य प्रदेश में 10 लाख लोगों पर मुश्किल से 3 ही सिनेमा हॉल हैं। इन सिनेमा हॉल की संख्या बढ़ाने को लेकर भी केंद्रीय सचिव ने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर छोटे सिनेमा घरों के निर्माण को लेकर राज्य सरकार द्वारा कदम उठाए जाने चाहिए। श्री जाजू ने कहा कि फिल्मों का भारतीय समाज पर काफी असर होता है और फिल्मों की ताकत उन्हें सिनेमा हाल में एक साथ देखने में है। श्री जाजू ने कहा कि इस बार भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 का दायरा काफी व्यापक रहेगा जिसमें फिल्म निर्माण और उनके प्रदर्शन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार ने फिल्म उद्योग और फिल्म की शूटिंग को प्रोत्साहित करने के लिए फिल्म सुविधा सेल बनाया है और यह सेल फिल्म निर्माण कंपनियों और निर्माताओं के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिल्म शूटिंग करने के इच्छुक फिल्म निर्माताओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया है। इससे फिल्म निर्माताओं को तमाम तरह की अनुमतियों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। श्री शुक्ला ने कहा कि भारत सरकार के पोर्टल से हमारे पोर्टल का इंटिग्रेशन होता है, तो इससे इंटरनेशनल फिल्म प्रोडक्शन हाउस का रुझान मध्य प्रदेश की तरफ बढ़ेगा। इस बैठक के दौरान मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा फिल्म निर्माण को लेकर राज्य सरकार के प्रयासों पर एक प्रजेंटेशन भी दिया गया वहीं फिल्म फैसिलिटेशन कार्यालय, नई दिल्ली के अधिकारियों द्वारा भी भारत सरकार द्वारा फिल्म निर्माण पर दी जा रही सुविधाओं को लेकर प्रजेंटेशन दिया गया। इससे पहले श्री जाजू ने सूचना प्रसारण मंत्रालय के भोपाल स्थित विभिन्न कार्यालयों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। वहीं श्री जाजू ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन से मंत्रालय में मुलाकात की।